स्वास्थ्य सलाह
आपको अवश्य जानना चाहिए

TATA TRUSTS
टाटा ट्रस्ट्स

घर पर कैसे करें ऑक्सीजन चिकित्सा

सुरक्षा निर्देश

ऑक्सीजन को किसी भी खुली लौ या गर्मी स्रोत से कम से कम ३ मीटर की दूरी पर रखें। जैसे कि मोमबत्तियां या ऐसी किसी भी चीज से जो आग या चिंगारी का कारण बन सकती है।

ऑक्सीजन उपकरण के आस-पास **धूम्रपान न करें** ना किसी और को करने दें।

ऑक्सीजन के **पास कुछ भी ज्वलनशील वस्तु उपयोग करने से बचें**, जैसे ऐरोसोल के डिब्बे या स्प्रे, फ्रेशनर या डिओड्रेंट।

पेट्रोलियम जेली, अल्कोहल, **तेल या ग्रीस को ऑक्सीजन आपूर्ति उपकरणों के सम्पर्क में न आने दें।**

ऑक्सीजन सिलिंडर को एक सीधी स्थिति में सेट करें- इसे किसी भी **खुली हवादार जगह** में रखें एवं लौ, गर्मी स्रोत, प्रत्यक्ष सूर्य के प्रकाश से दूर रखें।

इसके लिये **सही दबाव गेज और नियामक का उपयोग** करें।

खाली

जब सिलिंडर लगभग खाली हो तो **वॉल्व को बंद करें** और सिलिंडर को खाली के रूप में चिन्हित करें।

एक साथ **भरे हुये और खाली सिलेंडर कभी भी एक साथ न रखें।**

जांच करें कि ऑक्सीजन के आस-पास **सभी विद्युत उपकरण (अर्थिंग युक्त) ठीक हैं।**

जब ऑक्सीजन एक मरीज द्वारा उपयोग में हों तो हेअर ड्रायर जैसे विद्युत उपकरणों का उपयोग करने से बचें।

ऑक्सीजन उपकरण को **सदैव साफ और धूल मुक्त** रखें।

हमेशा अपने ऑक्सीजन कंसंट्रेटर को एक जमीन से जुड़े प्लग में इस्तेमाल करें एवं **उचित प्लग का उपयोग** करें।

एक्सटेंशन कॉर्ड या पावर बोर्ड का उपयोग कभी न करें।

उपयोग के वक्त, क्योंकि ऑक्सीजन सांद्रक गर्म हो जाता है, इसलिये इसे परदे से दूर एक **अच्छे हवादार क्षेत्र** में स्थापित करें।

उपकरण को परदे या प्लास्टिक से न ढकें।

ऑक्सीजन **प्रवाह सेटिंग्स (लीटर प्रति मिनट)** पर सचेत रहें

ऑक्सीजन **लीकेज के प्रति सावधान** रहें।

जब रोगी ऑक्सीजन से जुड़ा न हो तो **ऑक्सीजन बंद कर दें।**

हिमोत्थान सोसायटी

 # कोविड के खिलाफ हम एक साथ

07/05/2021